सक्षम- LMIS

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक **लर्निंग मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (LMIS), सक्षम (स्टिम्युलेटिंग एडवांस्ड नॉलेज फॉर सस्टेनेबल हेल्थ मैनेजमेंट) की शुभारंभ की है।**

सक्षम (SAKSHAM):

- **परिचय**:
  - **सक्षम** देश भर के सभी **स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को ऑनलाइन प्रशिक्षण और चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के लिये एक व्यापक डिजिटल शिक्षा मंच** के रूप में कार्य करता है।
- **विकास:**
  - यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान (National Institute of Health & Family Welfare- NIHFW) द्वारा विकसित किया गया है
- **उद्देश्य**:
  - इस मंच का उद्देश्य **ग्रामीण और दूरस्थ** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों **में काम करने वालों से लेकर महानगरों के तृतीयक देखभाल एवं कॉर्पोरेट अस्पतालों में काम करने वाले स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच समावेशी क्षमता निर्माण सुनिश्चित करना है**।
- **कवरेज:**
  - वर्तमान में **सक्षम** (SAKSHAM) ऑनलाइन मोड के माध्यम से सुलभ **200 से अधिक सार्वजनिक स्वास्थ्य और 100 नैदानिक पाठ्यक्रमों** की सुविधा प्रदान करता है।
- **संभावना:**
  - सक्षम को प्रशिक्षण और **शिक्षण सामग्री के लिये एक केंद्रीकृत संसाधन भंडार के रूप में विकसित किया जाएगा।**
    - यह देश में प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों के केंद्रीय डेटाबेस के रूप में भी कार्य करेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान:

- **स्थापना:** NIHFW की स्थापना **9 मार्च, 1977** को स्वायत्त स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत की गई थी।
- **शासनादेश:** NIHFW का प्राथमिक उद्देश्य **देश में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा** देने के लिये **थिंक टैंक** के रूप में कार्य करना है।
  - यह स्वास्थ्य पेशेवरों, अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं जैसे- मान्यता प्राप्त**सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (आशा)**, **सहायक नर्स मिडवाइफ (ANM)** और अन्य केंद्रीय एवं राज्य अधिकारियों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण हेतु प्रमुख संगठन भी है।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/saksham-lmis